



महाशिवरात्रि पर उमड़ा शिवालयों में भक्ति का सैलाब, दर्शन के लिये लगी कतार

शिव बरात में 31 फिट का दिव्य त्रिशूल रहा आकर्षण का केन्द्र, महामृत्युंजय और मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों की भीड़, लोगों ने घरों में की भगवान भोलेनाथ की पूजा

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 फरवरी, महाशिवरात्रि का पर्व शहर से लेकर जिले भर में भक्तिमय वातावरणमें धूमधाम के साथ मनाया गया. शिवालयो में तड़के से दर्शन के लिये भक्तो का तांता लगारहा. फूलो से सजी मंदिरो में भक्तगण भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाकर दर्शन किये. इसके साथ ही दर्शन का दौर देर रात तक चलता रहा. शहर में हर वर्ष की तरह इस बार भी शिव बारात निकाली गई और जगह-जगह भंडारे का प्रसाद बांटा गया.

महाशिवरात्रि का पर्व पूजा अर्चना के साथ मनाया गया. किला सहित गुढ़ ढ़ढेश्वर आदि स्थानो पर मेला लगा, जहा बच्चो ने जमकर खरीददारी की. दिन भर भक्तिमय वातावरण रहा, मंदिर से अंदर से लेकर बाहर तक केवल भक्तो की भीड़ देखने को मिली. कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिरो में भक्तो ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किये. सुबह से लेकर दोपहर एक बजे तक सबसे ज्यादा भीड़ थी. हालाकि शाम को भीड़ कम हुई. देर रात तक तांता लगा रहा.

बैजू धर्मशाला से निकली भोलेनाथ की बारात -शिव बरात आयोजन एवं जनकल्याण समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बरात व्यंकट रोड़ रीवा स्थित बैजू धर्मशाला के प्रांगण से प्रात:काल 9.30 बजे निकाली गई. शिवबरात का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं पंचमठ आश्रम रीवा के स्वामी विजयशंकर ब्रहम्चारी द्वारा भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना उपरांत बम-बम भोले जय भोले, हर-हर-महादेव के गगनभेदी नारो के साथ हुआ. बरात बैजू धर्मशाला से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए पचमठा आश्रम पहुँचीं जहां पर विधि विधान के साथ शिव-पार्वती के विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.

पचमठा में सम्पन्न हुआ विवाद-शिव-पार्वती का विवाह पचमठा में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर पचमठा आश्रम में दिल्ली के चौपडा एण्ड चौपडा ग्रुप द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायिका शैलजा सिंह, कानपुर, भजन सम्राट उत्तम राय कोलकता, एवं प्रदीप सांवरा (हडिया,उ0प्र0)द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा बाबा, परिषद अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, गुरूमीत सिंह मंगू, कविता पाण्डेय, शिवप्रसाद प्रधान, समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, कमलेश अग्रवाल, प्रतीक मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, सुशील वर्मा, प्रतीक पाण्डेय, सुमित गुप्ता, सुरेश विश्नोई मौजूद रहे.

दर्शन के लिये शिवालय में उमड़ी भक्तों की भीड़

महाशिवरात्रि के दिन शिवालयो में भक्तो का तांता लगा रहा. तड़के 4 बजे से किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर में दर्शन शुरू हुआ और देर रात तक भक्त पहुंचते रहे. इसी तरह कोठी कम्पाउंड स्थित मनकामेश्वर मंदिर, गुढ़ के कष्टहरनाथ, देवतालाब के शिव मंदिर, चोरहटा स्थित मड़फेश्वर शिव मंदिर सहित सभी शिवालयों में दर्शन के लिये भक्तो का ताता लगा रहा. हालत यह थी कि कही पैर रखने तक की जगह नही थी. दर्शन के साथ लोगो ने अभिषेक भी किया और लोगो ने घरो में शिव पूजन कराया.

जगह-जगह भंडारे में बांटा गया प्रसाद

शिव मंदिरो के बाहर भक्तो को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया. महामृत्युंजय मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों के बाहर लोगो ने भंडारे का आयोजन किया गया. जहा प्रसाद का वितरण किया गया. इसके अलावा लोगो ने अपने घरो में भी भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर महाशिवरात्रि मनाई और भंडारे का प्रसाद वितरित किया. शहर में एक सैकड़ा से अधिक स्थानो पर भंडारे का प्रसाद बांटा गया. शिव मंदिरो के बाहर 10 से 15 भंडारे खुले थे जहा प्राद के लिये कतार लगी रही.

11 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण

हिन्दू धर्म परिषद का लगातार दूसरे वर्ष मनकामेश्वर मंदिर में 11 हजार पार्थिव शिवलिंगो का निर्माण-पूजन और भंडारे का आयोजन विंध्य की धरा में प्रेरणादायी परम्परा की शुरूआत है. जिसका अनुशरण आने वाले समय में समूचा हिन्दू धार्मिक समाज करेगा. लोक कल्याण कारी ऐसे आयोजन करने के लिये आयोजन समिति की जितनी प्रशंसा की जाये वो भी कम है यह उदगार बतौर मुख्य यजमान संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ0 सी.बी.शुक्ला ने अपनी महाशिवरात्रि की शुभकामनाओं के साथ व्यक्त किये. आयोजन की शुरूआत नगर के शिवभक्त गणमान्य यजमानों ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ कराई. जिनमें प्रमुख रूप से डॉ0 के0के0परौहा, श्रीमती रश्मी शुक्ला, आर.बी.द्विवेदी, आर.सी.एम., पियूष द्विवेदी मानस मंडल, पमन मंशानी, दिलीप ठारवानी मौजूद रहे.

31 फिट की त्रिशूल रही आकर्षण का केन्द्र

शिव बरात में धर्म ध्वजा, शहनाई, नगड़िया, घोड़ा,बग्घी, झंकार धमाल, महाकाल की पालकी, भगवान भोलेनाथ का 31फिट लम्बाई का त्रिशूल डमरू के साथ लोहे का बना हुआ जिसका वजन 551 किलोग्राम है, रक्तबीज कॉली की झांकी, आदियोगी भगवान की झांकी, केदारनाथ मंदिर की झांकी, नरसिंह अवतार की झांकी, राधाकृष्ण की रासलीला की झांकी, नंदी में सवार शिव पार्वती की झांकी, भोलेनाथ के परिवार की झांकी, विशालकाय चिंपाजी, देशभक्ति नृत्य, अघोरी नृत्य, संतजन तथा चलित आर्केष्ट्रा मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा.

उप मुख्यमंत्री ने ढेरा में किया भगवान शिव का अभिषेक

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल अपने गृह ग्राम ढेरा पहुंचे. उप मुख्यमंत्री ने ग्राम ढ़ेरा में विश्वेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया. उप मुख्यमंत्री ने भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना और हवन किया प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की. इस अवसर पर विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे.

शिव जी की बारात में हुये शामिल

महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की बारात में निकाली गयी. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैजूधर्मशाला पहुंचकर शिव जी की बारात में शामिल हुये. उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूजा-अर्चना करके विन्ध्य क्षेत्र और पूरे प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा आमजनों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में देश के सबसे प्राचीनतम शिव मंदिर स्थित हैं. रीवा में महामृत्युंजय मंदिर, देवतालाब शिव मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, गुढ़ में कष्टहरनाथ शिव मंदिर, बिरसिंहपुर में गैवीनाथ शिव मंदिर में हजारों भक्त प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक भजन पूजन करते हैं. भगवान शिव के आशीर्वाद से ही क्षेत्र का विकास हो रहा है. रीवा में शिव बारात आयोजन समिति पिछले कई वर्षों से महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात का आयोजन कर रही है. हजारों लोगों का इसमें शामिल होना आयोजन की सफलता का प्रमाण है. भगवान शिव हम सब पर अपनी कृपा सदैव बनाये रखें.

जगह-जगह बरात का हुआ स्वागत

शिव जी की बारात बैजूधर्म शाला से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुई पचमठा धाम पहुंची. शिव जी की बारात में धर्मध्वजा आगे-आगे चली. बरात में सहनाई, नगरिया, ढोल, नगाड़े जैसे पारंपारिक वद्यंत्रो से मधुर धुने बजाई गयी. बारात में घोड़ा, बग्घी विभिन्न भगवान की झाकियाँ सहित हजारों भक्तगण शामिल रहे. बारात के लिए पुलिस ने सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध किये. बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया. शिव बारात में भगवान राम, महाकाल और भैरव की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही. बारात में 31 फिट का विशाल दिव्य त्रिशूल सबके आकर्षण का केन्द्र रहा.

संक्षिप्त

मुख्य सचिव की वीडियो कान्फ्रेंसिंग 19 को

रीवा. मुख्य सचिव अनुराग जैन 19 फरवरी को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स, कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे. बैठक दोपहर बाद 3.30 बजे आरंभ होगी. बैठक में रोजगार, उद्योग एवं निवेश, लोक सेवा प्रबंधन तथा सुशासन, ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की जायेगी. कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं.

टीएल बैठक आज

रीवा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 16 फरवरी को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी. बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में ई-आफिस व्यवस्था तथा समय सीमा के पत्रों की भी समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं.

बच्चेदानी का हुआ सफल ऑपरेशन



रीवा. आशीर्वाद हॉस्पिटल में एक महिला मरीज जो की अत्यधिक रक्स्राव और पेट दर्द के साथ आई. जाँच में पाया गया की मरीज के गर्भाशय में पीछे की तरफ एक बहुत बड़ी गठान थी जो और अंगों को प्रभावित कर रही थी, साथ ही अत्यधित रक्तस्त्राव और खून की कमी के कारण मरीज की स्थित बहुत ख़राब थी. मरीज की स्थित देखने के बाद तुरंत डॉक्टर सुजाता त्रिपाठी द्वारा इलाज शुरु किया गया और चिकित्सकीय टीम के साथ एक जटिल ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया और मरीज की सकुशल हॉस्पिटल से छुट्टी की गई.

उप संचालक ने किया फिश हेचरी का निरीक्षण

रीवा. खेती के साथ-साथ मछलीपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. परंपरागत मछलीपालन के स्थान पर आधुनिक तकनीकों से मछलीपालन की इकाईयाँ विकसित की जा रही हैं. उप संचालक मछलीपालन डॉ. अंजना सिंह ने गत दिवस सतना जिले के भ्रमण के दौरान नागौद विकासखण्ड के ग्राम जसो तथा कोलहाई जलाशय में फिश हेचरी एवं आरएएस संरचनाओं का निरीक्षण किया. आरएएस संरचना में पक्के तालाब बनाकर मछलीपालन किया जाता है. इसमें सीमित क्षेत्र में भी मछली का अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है. इसी तरह केजकल्चर के माध्यम से भी मछली का बड़ी मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है.

ढूंढेश्वर नाथ एवं गुढ़ कष्टहर नाथ मंदिर लगा भक्तों का मेला

नवभारत न्यूज

गुढ़, 15 फरवरी, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के खजुहा कला में स्थित प्राचीन ढूंढेश्वर नाथ मंदिर में तीन दिवसीय भाव्य एवं कष्टहरनाथ गुढ़ के शिवालय में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया.

जहां सर्व प्रथम भगवान शिव एवं माता पार्वती जी का गठ बंधन कर भाब्य पूजा अर्चना कर मंदिर का कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया जहां शिव भक्तो ने एक कतारबद्ध भगवान भोलेनाथ जी को जल चढ़ा कर पूजा अर्चना किए इस मौके पर सुबह भोर से ही श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा है. महाशिवरात्रि के पावन बेला एवं भगवान शिव व माता पार्वती जी के गठ बंधन के मौके पर आज सुबह से ही महादेव के भक्त 'हर-हर महादेव' और 'ओम नम: शिवाय' के जयकारों के साथ लंबी कतारों में लगकर शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा चढ़ा रहे हैं. मंदिर में अद्भुत आस्था का दृश्य देखा जा रहा है।

साथ ही मंदिर के परिसर में लगे मेलों में बच्चों और महिलाओं के लिए मिठाइयों, खिलौनों और पूजा सामग्री की दुकानें सजी हैं और मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा चौकस सुरक्षा व्यवस्था की गई है,जिसमें सीसीटीवी निगरानी और बैरिकेडिंग शामिल है और ढूंढेश्वर नाथ मेला समिति की तरफ से वालंटियर भी मेले पर लगातार व्यवस्था बना रहे हैं साथ ही पुलिस द्वारा नियुक्त सुरक्षा समिति के सदस्य भी लगातार व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं. प्रशासन द्वारा मेलो को सुचारू रूप से संपूर्ण करने के लिए पूरी तरह से चौकन्ना है. शिवालय का दर्शन करने के बाद मेले का भी आनंद लिए.

सम्पत्तिकर वसूली को लेकर वार्ड 9 और 10 में आज लगेगा शिविर

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 फरवरी, निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर राजस्व वसूली, सम्पत्तिकर, जलकर एवं अवैध कॉलोनी शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली जमा कराये जाने हेतु 09 फरवरी से 02 मार्च तक वार्डवार विशेष वसूली शिविरों का आयोजन किया जाना है.

शिविर का समय प्रात: 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है. इस क्रम में 16 फरवरी को वार्ड क्र. 9 एवं 10 के लिए निराला नगर गेट के पास, जनता कालेज गेट के पास में शिविर का आयोजन किया जावेगा. गौरतलब है कि शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जाना है. नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवासीय घरों पर सम्पत्तिकर में 50 प्रतिशत का छूट दिया जा रहा है.

सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 फरवरी, मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिश्रगवा में पेट्रोल पंप के समीप आज तड़के तकरीबन 5 बजे हुए सड़क हादसे में सड़क पार कर रही महिला की मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

इस सड़क हादसे के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम मिश्रगवा निवासी अनीता साकेत पति शैलेंद्र साकेत अपनी सास के साथ आज तड़के तकरीबन 5 बजे शौच क्रिया के लिए जा रही थी. बताया गया है कि अनीता ने जैसे ही सड़क पार करते हुए बीच सड़क पर पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने अनीता को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अनीता दूर जा गिरी. परिजनों द्वारा घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. मृतका के परिजनों ने बताया कि वाहन की पहचान नहीं हो पाई है पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन सहित चालक की तलाश शुरू कर दी है.

गुढ़ बाईपास में इनोवा कार ने बाइक सवार को कुचला

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 फरवरी, गुढ़ बाई पास में भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां तेज रफ़्तार इनोवा कार के चालक ने बाईक को टक्कर मारने के बाद भागने की फिराक में बाईक सवार को कई बार कुचल दिया, इस दौरान बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है.

हादसे में मृतक की पहचान ग्राम गौरा निवासी मुन्नू सिंह के रूप में की गई है. घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक मुन्नू सिंह बाल ज्योति स्कूल गुढ़ में अपना बोलोरो वाहन लगाए हुए थे. उक्त वाहन की रिपेयरिंग के लिए वह बाईक से मौके पर पहुंचे थे और रोड क्रॉस कर रहे थे तभी तेज रफ्तार इनोवा कार ने टक्कर मार दी. प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया की टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक व्यक्ति इनोवा गाड़ी के नीचे फंस गए और वाहन चालक भागने की फिराक में था, लेकिन बीच गाड़ी में बाइक और मृतक फंस जाने की वजह से ड्राइवर भाग नहीं पाया.

इसी के चक्कर में मृतक के युवक आगे पीछे करने के चक्कर में गाड़ी कई बार चढ़ी जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई.

खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिये करा सकते है पंजीयन

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 फरवरी, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है.

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से शुरू हो गया है. पंजीयन 7 मार्च तक होगा. किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं. इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं. सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें. पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी.

स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है. किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं. जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके. पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं.

असमाजिक तत्वों ने खंडित की अंबेडकर की प्रतिमा

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 फरवरी, मनगवां थाना क्षेत्र में सामाजिक तत्वों द्वारा देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है.

घटना बीते दिवस मनगवां के हिनौता देवार्थ गांव की बताई गई है. घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों सहित बहुजन समाज के लोगों ने ना सिर्फ आक्रोश जाहिर किया बल्कि थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है. ग्राम हिनौता देवास में विकास साकेत के द्वारा निजी भूमि पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया था. सामाजिक तत्वों द्वारा उनकी प्रतिमा को खंडित कर दिया गया, जिससे आक्रोश है.